कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, हनुमानगढ

अपील संख्याः–16/2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री कृष्णलाल पुत्र श्री मानाराम जाति जाट निवासी 4 आरटीपी रतनपुरा तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।

––अपीलार्थी

बनाम

अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़।

––प्रत्यर्थी

आदेश   दिनांकः–02.05.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के संबंध में प्राप्त हुई

अपीलार्थी की ओर से उसका प्रतिनिधि श्री रमेश दर्गन उपस्थित। अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार आवेदन के अनुरूप सूचना नहीं दी है। डिस्पेच रजिस्टर की प्रति उपलब्ध नहीं कराई है तथा सामान्य शाखा के डिस्पेच रजिस्टर की दी गई सूचना अपूर्ण है। पूर्ण सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई हैं।

अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ से पत्र कमांक 388 दिनांक 24.4.2019 द्वारा जबाव प्राप्त हुआ है जिसकी प्रतिलिपि अपीलार्थी को प्रेषित किया जाना पाया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ के पत्र क्रमांक 388 दिनांक 24.4.2019 के साथ संलग्न पत्रांक 193 दिनांक 27.02.2019 की प्रति का अवलोकन करने से अपर जिला कलक्टर, हनुमानगढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी को सूचना प्रेषित किया जाना पाया गया। अतः अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official